# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.), फरीदाबाद के तत्वावधान में 'नारी शक्ति व राजभाषा उत्कर्ष' कार्यक्रम का आयोजन

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.) फरीदाबाद के तत्वावधान में नराकास के सदस्य कार्यालयों की महिला अधिकारियों के लिए दिनांक 30 मार्च, 2026 को 'नारी शक्ति व राजभाषा उत्कर्ष' कार्यक्रम का आयोजन, एनएचपीसी लिमिटेड कार्यालय परिसर में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी, श्री उत्तम लाल द्वारा की गई। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन), श्री नवीन कुमार जैन, महाप्रबंधक (जनसंपर्क)-राजभाषा व सदस्य सचिव, नराकास, फरीदाबाद श्री संजीव कुमार उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में नराकास, फरीदाबाद के सदस्य कार्यालयों की महिला प्रमुखों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही, इस अवसर पर एनएचपीसी की महिला वरिष्ठ अधिकारियों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में कवयित्री सुश्री सारिका 'सरल' विशिष्ट अतिथि के तौर पर आमंत्रित थीं।

कार्यक्रम के आरंभ में कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) द्वारा मुख्य अतिथि महोदय, विशिष्ट अतिथि तथा सम्मानित महिला कार्यालय प्रमुखों का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। महाप्रबंधक (जनसंपर्क) - राजभाषा व सदस्य सचिव, नराकास (का.) फ़रीदाबाद श्री संजीव कुमार ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि 'नारी शक्ति व राजभाषा उत्कर्ष' विषय पर आधारित यह आयोजन न केवल नारी सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित करता है, बल्कि राजभाषा हिंदी के संवर्धन और प्रसार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी सुदृढ़ करता है।

महाप्रबंधक (विद्युत) सुश्री माला आनंद ने नराकास, फरीदाबाद को महिला कार्मिकों के लिए इस विशेष कार्यक्रम के आयोजन हेतु बधाई देते हुए कहा कि यह पहल न केवल महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देती है, बल्कि उन्हें अपने अनुभव साझा करने और अपने व्यक्तित्व व कौशल को विकसित करने का एक सशक्त मंच भी प्रदान करती है।

'नारी शक्ति और राजभाषा उत्कर्ष" विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए विशिष्ट अतिथि सुश्री सारिका 'सरल' ने कहा कि नारी ही भाषा, संस्कार और संस्कृति की प्रथम संवाहिका होती है। मातृभाषा न केवल व्यक्ति की पहचान का आधार है, बल्कि राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना की आत्मा भी है।

कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री नवीन कुमार जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'नारी शक्ति व राजभाषा उत्कर्ष' विषय अपने आप में अत्यंत व्यापक, प्रासंगिक और प्रेरणादायक है। यह हम सभी का दायित्व है कि हम एक ऐसा वातावरण निर्मित करें, जहाँ नारी को समान अवसर, सम्मान और सुरक्षा प्राप्त हो।

अपने संबोधन में निदेशक (कार्मिक) महोदय ने कहा कि "नारी शक्ति" और "राजभाषा उत्कर्ष" दोनों ही सशक्तिकरण और अभिव्यक्ति के प्रभावशाली प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार महिलाएँ अपने विचारों, अनुभवों और रचनात्मकता से समाज को समृद्ध बनाती हैं, उसी प्रकार हिंदी भाषा हमारी परंपराओं, विचारों और भावनाओं को जोड़ने वाली एक सशक्त कड़ी है। उन्होंने नराकास, फ़रीदाबाद के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह अपने आप में एक विशिष्ट आयोजन है, तथा इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाने चाहिए।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र - अनुभवों की अभिव्यक्ति : "संघर्ष से सफलता तक" में सभी महिला प्रतिभागियों ने अपने कामकाजी जीवन के विविध अनुभवों को साझा किया। इस सत्र ने न केवल उनके व्यक्तिगत संघर्षों और उपलब्धियों को सामने रखा, बल्कि समाज में महिलाओं की भूमिका और उनके सामने आने वाली चुनौतियों पर भी गंभीर विचार-विमर्श का अवसर प्रदान किया।

कार्यक्रम के अंतिम सत्र रचनात्मक अभिव्यक्ति : "शक्ति के सुर, संवेदना के शब्द "में सभी प्रतिभागियों द्वारा हिंदी कविता एवं गीतों के माध्यम से अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया गया।

'नारी शक्ति व राजभाषा उत्कर्ष' कार्यक्रम ने नराकास, फ़रीदाबाद की महिला अधिकारियों को एक सशक्त मंच प्रदान करते हुए उनके अनुभवों, विचारों एवं क्षमताओं को अभिव्यक्त करने का अवसर दिया। इस आयोजन के माध्यम से न केवल नारी सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित किया गया, बल्कि राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं उसके प्रभावी प्रयोग को भी नई दिशा मिली।



भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.), फरीदाबाद
एन एच पी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
एनएचपीसी
NHPC




भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.), फरीदाबाद
एन एच पी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
एनएचपीसी
NHPC
एक नवरत्न कंपनी



भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.), फरीदाबाद
एन एच पी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
एनएचपीसी
NHPC
एक नवरत्न कंपनी
सत्यमेव जयते




एन एच पी सी लिमिटेड
सत्यमेव जयते



भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग
एन एच पी सी लिमिटेड




भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.), फरीदाबाद
एन एच पी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
'नारी शक्ति व राजभाषा उत्कर्ष'
नराकास (का.), फरीदाबाद के तत्वावधान में महिलाओं के लिए विशेष आयोजन
दिनांक 30 मार्च, 2026



एन एच पी सी लिमिटेड
'नारी शक्ति व राजभाषा उत्कर्ष'
दिनांक 30 मार्च, 2026




एन एच पी सी लिमिटेड
'नारी शक्ति व राजभाषा उत्कर्ष'




नीर शक्ति सदन